आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 26.06.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज रुद्रपुर में 'खेत बचाओ अभियान' समारोह में किसानों से संवाद करेंगे।
- सरकार ने 36 पृष्ठों वाले नए पासपोर्ट बनवाने या पुनः जारी करने का शुल्क पहली जुलाई से बढ़ाकर ढाई हजार रुपये किया; तत्काल पासपोर्ट का शुल्क पांच हजार रुपये होगा।
- हरिद्वार में मदन मोहन मालवीय प्राच्य शोध संस्थान की स्थापना होगी, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु ने प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया।
- और, चारधाम यात्रा में अब तक 40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। मुख्यमंत्री ने सुरक्षित और अनुशासित यात्रा की अपील की।

**'खेत बचाओ अभियान'**

केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज उधमसिंह नगर के रुद्रपुर में आयोजित 'खेत बचाओ अभियान' समारोह में किसानों से सीधा संवाद करेंगे। इस दौरान वे खेतों का भ्रमण कर फसलों का जायजा लेंगे और किसानों से कृषि संबंधी विषयों पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्य सरकार के मंत्री, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में किसान भी उपस्थित रहेंगे।

केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री के बीच पंतनगर में एक उच्चस्तरीय बैठक भी प्रस्तावित है। बैठक में विभिन्न कृषि और ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन, किसानों तक उनके लाभ की पहुंच तथा भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा होने की संभावना है।

इसके अलावा, श्री चौहान पंतनगर स्थित गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन में भी भाग लेंगे।

**पासपोर्ट आवेदन शुल्क**

केंद्र सरकार ने पासपोर्ट आवेदन शुल्क में वृद्धि की है। अब 36 पृष्ठों वाले नए पासपोर्ट या पासपोर्ट को फिर से जारी करने के लिए अब 2 हजार 500 रुपये शुल्क देना होगा।

विदेश मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार पासपोर्ट संशोधन नियम 2026, पहली जुलाई से प्रभावी होंगे। नई शुल्क संरचना के अंतर्गत तत्काल श्रेणी में 36 पृष्ठों वाले नए पासपोर्ट या पासपोर्ट को फिर से जारी करने की लागत 5 हजार रुपये होगी। 60 पृष्ठों वाले साधारण पासपोर्ट या पासपोर्ट को फिर से जारी करने की लागत 3 हजार 500 रुपये होगी, और तत्काल श्रेणी के पासपोर्ट के लिए यह लागत 6 हजार रुपये होगी। वर्तमान में 36 पृष्ठों वाले पासपोर्ट की लागत 1 हजार 500 रुपये और 60 पृष्ठों वाले पासपोर्ट की लागत 2 हजार रुपये है। खोए या क्षतिग्रस्त 36 पृष्ठों वाले पासपोर्ट के बदले में नया सामान्य पासपोर्ट जारी कराने के लिए 5 हजार रुपये का शुल्क देना होगा। वहीं, खोए या क्षतिग्रस्त 60 पृष्ठों वाले पासपोर्ट के बदले में नया सामान्य पासपोर्ट जारी करने के लिए 6 हजार रुपये का शुल्क लिया जाएगा।

'मदन मोहन मालवीय'

राज्य सरकार हरिद्वार के ऋषिकुल मैदान में भव्य मदन मोहन मालवीय प्राच्य शोध संस्थान की स्थापना करेगी। यह संस्थान भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति और प्राच्य विद्याओं के संरक्षण, संवर्धन तथा शोध का प्रमुख केंद्र होगा।

मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु ने कल ऋषिकुल मैदान का निरीक्षण कर प्रस्तावित परियोजना के लिए उपलब्ध भूमि और आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

पत्रकारों से बातचीत में प्रमुख सचिव ने कहा कि संस्थान में योग, ज्योतिष, वास्तुशास्त्र, और अन्य प्राच्य विद्याओं पर शोध की सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे भारतीय ज्ञान परंपरा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी।

श्री सुधांशु ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ परियोजना का कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शासन स्तर पर पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

चारधाम यात्रा

राज्य में चारधाम यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ जारी है। अब तक 40 लाख से अधिक श्रद्धालु चारधाम के दर्शन कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार के प्रभावी प्रबंधन के कारण यात्रा सुचारु रूप से संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की आस्था और पवित्रता को अक्षुण्ण रखते हुए श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं से यात्रा की गरिमा बनाए रखने, स्वच्छता का ध्यान रखने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर प्रदेश में 28 जून को पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के तहत कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे, इसके लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं।

देहरादून के जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कहा कि पोलियो उन्मूलन अभियान राष्ट्रीय महत्व का कार्यक्रम है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को अभियान का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से अभिभावकों को जागरूक किया जाए, ताकि अधिक से अधिक बच्चे पोलियो की खुराक प्राप्त कर सकें।

उन्होंने बताया कि जिले में 28 जून को 15 सौ से अधिक बूथों के माध्यम से पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इनमें 13 सौ स्थायी बूथ, 82 ट्रांजिट बूथ और 24 मोबाइल बूथ शामिल हैं। इसके बाद 29 जून से 4 जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर–घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी।

एमडीडीए

मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण– एमडीडीए ने अवैध निर्माण और भवन निर्माण मानकों के उल्लंघन के विरुद्ध अभियान जारी रखते हुए ऋषिकेश में एक व्यावसायिक भवन को सील कर दिया है।

प्राधिकरण के अनुसार, जांच में पाया गया कि मेन हरिद्वार रोड स्थित भरत विहार में यह निर्माण स्वीकृत मानचित्र के विपरीत किया जा रहा था। साथ ही, निर्धारित सेटबैक क्षेत्र में भी निर्माण कर भवन निर्माण उपविधियों का उल्लंघन किया गया।

**और अब आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों के साथ है– नि"ा भाटिया**

कर्णप्रयाग और नगरासु निहंग विवाद को आज सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से पहले पृष्ठ से स–चित्र प्रकाशित किया है। इस खबर पर दैनिक जागरण और हिन्दुस्तान समाचार का शीर्षक है– सीमा पर बैरिकेडिंग तोड़ उत्तराखंड में घुसे निहंग।

अमर उजाला ने मुख्यमंत्री धामी के हवाले से लिखा है– हेमकुंड यात्रा के लिए बनेगी एसओपी।

वेनेजुएला भूकंप पर नवोदय टाइम्स की सुर्खी है– भूकंप के झटकों से दहला वेनेजुएला, 164 की मौत, 971 घायल। 7 दशमलव 2 और 7 दशमलव 5 के थे दो लगातार झटके

बहुचर्चित एलयूसीसी घोटला पर दैनिक जागरण का शीर्षक है– 25 करोड़ रुपये की 23 संपतियां कुर्क। 1 करोड़ 60 लाख निवेशकों से 419 करोड़ रुपये की ठगी प्रकरण में सात मुख्य अरोपित हो चुके हैं गिरफ्तार